HAPPY DHANTERAS

# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुढ़नी, कोलार, बैरसिया | आश्विन कृष्ण पक्ष, 13– 2082 | भोपाल, दिन शनिवार, दिनांक 18 अक्टूबर 2025

## न्यूज गैलरी

### सरकारी कर्मचारी ब्रीफ धनतेरस से दो दिन हड़ताल स्थगित

**भोपाल।** मांगों को लेकर हड़ताल की जिद पर अड़े बिजली कंपनियों के आउटसोर्स कर्मचारियों के तेवर चौथे दिन शुक्रवार को नरम पड़े। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने हड़ताल करने वाले दो संगठनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर बातचीत की। अब तक चौथे दिन चार चरण में 14 घंटे की बातचीत हो चुकी है। नतीजा यह निकला कि आउटसोर्स कर्मचारी ने धनतेरस पर हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया। ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर से शनिवार को इनकी बातचीत होगी।

### दैवेभो के लिए 25 रुपए ही दिवाली गिफ्ट

**भोपाल।** मप्र के लाखों दैनिक वेतनभोगियों के लिए इस बार दीवाली का तोहफा बेहद नाम मात्र का है। श्रम आयुक्त के आदेश के अनुसार कर्मचारियों के वेतन में 1 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी की गई है। यानी महीने के लगभग 25 दिन काम करने वाले कर्मियों को सिर्फ 25 रुपए का इजाफा मिलेगा। सरकार का दावा है कि यह बढ़ोतरी सीपीआई इंडेक्स के अनुसार की गई है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि यह महंगाई के दौर में

### कमलनाथ ने सीएम को लिखा फा–मक्का को समर्थन मूल्य पर खरीदें

**भोपाल।** पूर्व सीएम और कांग्रेस के सीनियर नेता कमलनाथ ने शुक्रवार को सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम चिट्ठी लिखी। कहा– मैं प्रदेश के मक्का उत्पादक किसानों को फसल के उचित भाव नहीं मिलने की ओर सीएम का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। मप्र में मक्का फसल के उचित भाव नहीं मिल पा रहे हैं। बीते कुछ समय में मक्का के बाजार मूल्य में गिरावट आई है। इससे मक्का लगभग 1600–1800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रही है। केंद्र सरकार द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है तो मप्र के किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनकी फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए

### मप्र कांग्रेस ने 44 प्रवक्ताओं को सौंपा जिलों का मीडिया दायित्व

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने जिलों में संगठनात्मक मजबूती के लिए अपने 44 प्रवक्ताओं को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस टीम को जिम्मा सौंपा है कि वे जिलों में पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाए। यह टीम जिला स्तर पर मीडिया समन्वय, क्रियान्वयन और प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगी। इसमें भोपाल की जिम्मेदारी अभिनव बारोलिया, उज्जैन, आगर जिले की विवेक त्रिपाठी, संतोष परिहार को कटनी और रवि सक्सेना को ग्वालियर की जिम्मेदारी दी है।

### मतदाता सूची में संशोधन, अब 24 तक दे सकेंगे दावे–आपत्ति

**भोपाल।** नगरीय निकाय और त्रि–स्तरीय पंचाय चुनावों के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटा और सुधार का मौका अब 24 अक्टूबर तक मिलेगा राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के वार्षि पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन कर नई तारीखें घोषि पुनरीक्षण की हैं।

आयोग के सचिव दीपक सिंह के मुताबिक पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि

---

**भावांतर योजना** भावांतर योजना की जानकारी देंगे, 2500 किसान पहुंचेंगे ब्ड निवास

# अयोध्या में रामलला, अब मथुरा में कृष्ण मुस्कुराएंगे

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बिहार के गया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति की धारा बह रही है, जिस तरह भगवान राम मुस्कुरा रहे हैं, जल्द ही मथुरा में कृष्ण कन्हैया भी मुस्कुराएंगे।



हमारे उज्जैन में भव्य महाकाल महालोक बना है, उसने पूरे शहर की कायापलट कर दी है।अब गया की कायापलट होनी चाहिए। इसके लिए गया में भाजपा और एनडीए की सरकार जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को बिहार के गया टाउन में भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में नामांकन दाखिल कराया। इसके बाद उन्होंने हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया।

**आज किसानों को देंगे 395 करोड़ की सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार सुबह से देर शाम तक भोपाल, राजगढ़ और सीहोर में किसानों के बीच रहकर सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री निवास में किसान सम्मेलन से दिन की शुरुआत करेंगे, जहां नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन और विदिशा जिलों के 2500 से ज्यादा किसान शामिल होंगे।

भोपाल से रवाना होकर वे राजगढ़ के ब्यावरा में किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। यहां वो प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को 277 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर करेंगे। 33 करोड़ की ब्यावरा जल प्रदाय योजना व 193 करोड़ के 41 विकास कार्यों का शिलान्यास– लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वो सीहोर जिले के बिलकिसगंज झागरिया में 118 करोड़ की राहत राशि 2 लाख किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज किसानों से मिलेंगे।**

किसानों को सोयाबीन की फसल का भावांतर देने के लिए भावांतर योजना की पंजीयन प्रक्रिया शुक्रवार को खत्म हो गई है और 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक यह योजना चलेगी।इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास में किसान सम्मेलन में किसानों के साथ संवाद करेंगे। किसानों से संवाद में मुख्यमंत्री राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के कल्याणकारी कदमों और नवाचारों की जानकारी देंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के साथ धनतेरस और दीपावली पर्व की शुरुआत करेंगे। किसान भाई सोयाबीन की फसल को भावांतर योजना के दायरे में लाने की युगांतकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार भी व्यक्त करेंगे।

इस किसान सम्मेलन में नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन और विदिशा जिलों के करीब 2500 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल होंगे।

किसान सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश के किसानों को भावांतर भुगतान योजना की जानकारी देना और उन्हें योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किसानों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता तथा लाभ वितरण से संबंधित जानकारी देंगे।

भावांतर योजना में प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक अपनी फसल कृषि उपज मंडियों में विक्रय कर सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा योजना में पात्र किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में भावांतर की राशि फसल विक्रय के 15 दिन के भीतर सीधे जमा कर दी जाएगी।

ई–उपार्जन पोर्टल पर भावांतर योजना के लिए किसानों का पंजीयन कार्य 17 अक्टूबर तक पूरा किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे।

**किसान सम्मेलन की खास बातें.**

भावांतर योजना की जानकारी और प्रशिक्षण।

मुख्यमंत्री द्वारा किसानों से सीधा संवाद।

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन।

किसान सम्मेलन में सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की जानकारी भी दी जाएगी।

---

## राजस्थान की डिप्टी सीएम को ब्लैकमेल करने के आरोप में दो पत्रकार गिरफ्तार

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के खिलाफ वेब पोर्टल पर झूठी खबरें चलाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में जयपुर पुलिस ने भोपाल से दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आनंद पांडे व हरीश दिवेकर भोपाल से द सूत्र के नाम से वेब पोर्टल व यू–ट्यूब चौनल चलाते हैं। इस मामले में चार पत्रकारों के खिलाफ साइबर थाने में मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि इस संबंध में 28 सितंबर को परिवादी सिविल लाइंस निवासी नरेन्द्र सिंह राठौड़ ने कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि द सूत्र वेब पोर्टल व यू–ट्यूब चौनल पर पिछले कुछ दिनों से झूठी और भ्रामक खबरें चलाकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। एक माह में करीब एक दर्जन से ज्यादा निराधार और तथ्यहीन खबरें प्रसारित की जा चुकी।

इन खबरों को प्रसारित नहीं करने के संबंध में द–सूत्र वेब पोर्टल के मुखिया आनंद पांडे व समन्वयक हरीश दिवेकर से संपर्क किया तो खबरें हटाने और भविष्य में खबरें नहीं चलाने के लिए 5 करोड़ रुपए मांगे। साथ ही कहा कि इस तरह की खबरें चलाने के लिए मोटी रकम मिली है। अगर यह सभी खबरें हटानी हैं तो अधिक राशि देनी पड़ेगी। पैसे नहीं मिलेंगे तो ऐसी खबरें लगातार चलती रहेंगी। आप न्यायालय में यह साबित करेंगे तब तक हम आपकी राजनीतिक छवि को खत्म कर देंगे। द–सूत्र में चलाई गई इन झूठी खबरों को उनके परिचित के वेबपोर्टल द केपिटल पर भी चलवा चुके हैं।

**पूछताछ में होगा खुलासा, और कितने आरोपी शामिल हैं**

रिपोर्ट में बताया कि राजस्थान में द–सूत्र का काम जिनेश जैन संभालते हैं, जो आनंद पांडे व हरीश दिवेकर के इशारे पर ऐसी खबरें चला रहे हैं। रिपोर्ट में अप्रत्यक्ष रूप से अरविंद रावत पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है।

उक्त मामले की जांच करणी विहार एसएचओ हवा सिंह यादव को दी गई। अनुसंधान के बाद शुक्रवार को भोपाल से आनंद पांडे व हरीश दिवेकर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को शनिवार सुबह तक जयपुर लाया जाएगा। पूछताछ के बाद ही खुलासा होगा कि और कितने आरोपी इस गिरोह में शामिल हैं।

---

## सिंगरौली में अफसरों और भू–माफिया का गठजोड़

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

80 हजार हेक्टेयर वन भूमि रिकॉर्ड से गायब, फर्जी कागजों से करोड़ों का मुआवजा भी लिया

सिंगरौली जिले में वन विभाग की 80 हजार हेक्टेयर जमीन रिकॉर्ड से ही गायब है। 61 गांवों की इस जमीन का विभाग के पास न तो नक्शा है, न ही खसरा रिकॉर्ड। इसका फायदा भू–माफिया उठा रहा है। आरोप है कि जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों रुपए का मुआवजा हड़पा जा रहा है। सिंगरौली जिले में कोयला खनन क्षेत्र है। इसलिए नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एनसीएल) समेत कई सरकारी और निजी कंपनियों ने यहां जमीन अधिग्रहित की। सिंगरौली जिला पहले सीधी जिले का हिस्सा था। 1988 में राज्य सरकार ने यहां के 77 गांवों की 92 हजार हेक्टेयर जमीन वन विभाग को दी थी ताकि उसका संरक्षण हो सके। लेकिन अब जांच में पता चला है कि वन विभाग के पास सिर्फ 16 गांवों की जमीन के ही दस्तावेज हैं।

कोल ब्लॉक व प्लांट के लिए कई कंपनियों ने अधिग्रहित की है भूमि

**डेढ़ माह पहले मुख्य सचिव को मिली शिकायत**

डेढ़ माह पहले इस मामले में दस्तावेजों के साथ मुख्य सचिव को फिर शिकायत की थी। शिकायतकर्ता केके त्रिपाठी का कहना है कि राजस्व अधिकारियों द्वारा रिश्तेदारों और भू–माफिया के नाम आदेश पास कर सरकारी भूमि हड़पी जा रही है।

बाद में इन्हीं जमीनों का भू–अधिग्रहण कराकर मुआवजा भी लिया जा रहा है। इस मामले में राजस्व के कुछ पूर्व अफसरों की मिलीभगत है।

बंधा कोल ब्लॉक के लिए चार गांवों की 800 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें 500 हेक्टेयर ऐसी है, जिसका वन व्यवस्थापन नहीं हुआ है, जबकि बाकी जमीन सरकारी है, जो 1958 से 62 और 1980 से 85 के खसरा रिकॉर्ड में शासकीय दर्ज है।

यह जमीन बाद के रिकॉर्ड में निजी कैसे दर्ज हो गई, यह जांच का विषय है।

1988 के बाद से वन व्यवस्थापन न होने के कारण वन सीमा स्पष्ट नहीं है। कलेक्टर को पत्र लिखकर 61 गांवों से जुड़े रिजर्व फॉरेस्ट का रिकॉर्ड दुरुस्त करने हेतु वन व्यवस्थापन कराने को कहा गया है। अखिल बंसल, डीएफओ सिंगरौली

---

## आबकारी से सेवानिवृत्त अफसर भदौरिया के 2 लॉकर फ्रीज

**डीआर संवाददाता ▸▸ इंदौर**





आबकारी विभाग के सेवानिवृत्त अफसर धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के लॉकर से 79 लाख 23 हजार 698 रुपए कीमत का सोना मिला है। वहीं एक बैंक खाते में 5 लाख 32 हजार रुपए जमा मिले हैं। दो लॉकर फ्रिज किए गए हैं, जिन्हें भदौरिया की मौजूदगी में खोला जाएगा। विवेचना में प्रिंसेस स्काय पार्क स्थित जेसी वेंचर्स नामक फर्म में 27.50 लाख रुपए निवेश के दस्तावेज भी मिले हैं। लोकायुक्त पुलिस ने भदौरिया के बेटे सूर्यांश को लॉकर खुलवाने बुलाया था। उसने खुद बैंकों में लॉकर खोले, जिनमें सोने के जेवर मिले। पूछने पर वह उनके स्रोत के बारे में कुछ नहीं बता सका।

लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय ने बताया कि भदौरिया और परिजनों के खातों की जानकारी मांगी गई है। ग्वालियर स्थित आवास से 22.78 लाख की सामग्री मिली है। अब तक जांच में भदौरिया की कुल चल–अचल संपत्ति 24 करोड़ 97 लाख 26 हजार 859 रुपए पाई गई है।सबसे ज्यादा पैसा मिला अब लोकायुक्त संगठन ने पिछले पांच–सात सालों में कई भ्रष्ट अफसरों के यहां छापे मारे हैं।

---

## एयरलाइन्स ने गोवा, कोलकाता, वाराणसी के लिए नहीं ली रुचि

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

नई अक्टूबर के अंत तक मप्र को दो उड़ानें मिल जाएंगी। हाल ही में विमानन विभाग ने प्रदेश में नई उड़ानें शुरू करने के लिए प्रस्ताव मंगाए थे। अलायन्स एयर (पूर्व में एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी) और इंडिगो ने नई उड़ानों के लिए प्रस्ताव भेजे थे। चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता वाली साधिकार समिति ने इन उड़ानों के सब्सिडी से संबंधित सहमति दे दी है। जल्द दोनों एयरलाइन्स से नई उड़ानों के लिए विमानन विभागएमओयू करेगा। हाल ही में 16 घरेलू व 6 विदेशी जगहों के लिए विमानन ने नई उड़ानों के प्रस्ताव मंगार थे। इसके जवाब में सिर्फ दो, रीवा इंदौर और रीवा–नई दिल्ली के ही प्रस्ताव मिले। गुरुवार देर शाम हुई साधिकार समिति की बैठक में इन उड़ानों के लिए वित्तीय सहमति दे दी गईएविएशन एक्सपर्ट्स का लम्बे समय से दावा था कि गोवा, कोलकाता, वाराणसी जैसे शहरों लिए सीढ़ी उड़ान की काफी मांग है, के पर एयरलाइन्स ने इन रूटों पर रुचि नहीं ली।

**प्रति किमी मिलेगी एक हजार रु.**

सरकारी फंडिंगकेंद्र की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत चलने वाली उड़ानों के लिए प्रति किमी 1 हजार रुपए सरकार एयरलाइन्स को वायबिलिटी गैप फंडिंग के तहत भुगतान करेगी। इसी हफ्ते विमानन और एयरलाइन्स के बीच एग्रीमेंट होने की उम्मीद है। इंडिगो द्वारा इंदौर–रीवा के बीच डेली फ्लाइट चलाई जाएगी।

---

## हेलीकॉप्टर खराब होने से टल की शिफ्टिंग गई काले हिरणों

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

भोपाल दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों की निगरानी में हेलीकॉप्टर से हांका लगाकर काले हिरणों को गांधी सागर सेंचुरी में शिफ्ट करने की प्रक्रिया अब 19 अक्टूबर से शुरू होगी। यह प्रक्रिया 17 अक्टूबर से ही शुरू होनी थी, लेकिन हेलीकॉप्टर में आई खराबी के कारण इसे दो दिन आगे बढ़ा दिया गया है।



रॉबिन्सन हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने वाली कंपनी से दूसरा हेलीकॉप्टर मंगाया गया है। गौरतलब है कि शुक्रवार से शाजापुर जिले के शुजालपुर और कालापीपल क्षेत्र के 3 गांवों से काले हिरणों को हांका लगाकर कैप्चर किया जाना था इसके लिए जमीन पर अंग्रेजी अक्षर वाय (ल) के आकार के बोमा बनाए गए हैं, जिनके टेल एंड पर एक विशेष ट्रांस लोकेशन व्हीकल होगा।

15 अक्टूबर को ही दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों का दल शुजालपुर में डेरा डाले हुए है। मप्र वन विभाग ने पायलट फेज में 100 काले हिरणों को हांका लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों से कैप्चर करने की योजना बनाई है। इन्हें यहां से मंदसौर की गांधी सागर सेंचुरी में शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि वन क्षेत्र के बाहर मौजूद यह काले हिरण खेतों में घुसकर किसानों की फसल बर्बाद कर देते हैं।

---

**धनतेरस** इस बार धनतेरस पर सजे बाजार, दोगुनी बिक्री की उम्मीद

## प्रदेशमें रू2500 करोड़ से अधिक के कारोबार की संभावनाय जानिए शुभ मुहूर्त में क्या-क्या खरीद सकते हैं

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

धनतेरस को लेकर मध्यप्रदेश के बाजार सज चुका है। दुकानों में पारंपरिक वस्तुओं से लेकर आधुनिक उत्पादों तक की चमक बिखरी हुई है। ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर सोने–चांदी के आभूषण तक, हर वर्ग के ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। वहीं, परंपरागत रूप से धनतेरस पर खरीदे जाने वाले सामान भी व्यवसायियों ने खास तैयारी के साथ बाजार में उपलब्ध कराए हैं, ताकि खरीदारी का यह त्योहार और भी खास बन सके।

भोपाल शहर के शोरूम्स, साइट्स और मार्केट्स में त्योहार से जुड़ी खरीदारी ने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया है।



ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के आशीष पांडे ने बताया कि इस बार धनतेरस सीजन में पिछले साल की तुलना में करीब 20: ज्यादा बिक्री की उम्मीद है। इंदौर के सराफा बाजार ने ग्राहकों के लिए रेड कार्पेट बिछाया है तो बर्तन बाजार भी परंपरागत रूप से सज गया है। कपड़ा मार्केट में भी ग्राहकों की आवाजाही ज्यादा रहने वाली है। वहीं, ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी सैकड़ों गाड़ियों की डिलीवरी होगी। इसके लिए लोगों ने पहले ही प्री बुकिंग कर रखी है। रियल एस्टेट में बाजार गर्म है। शुभ मुहूर्त में करोड़ों के सौदे होंगे।

भोपाल में 10 हजार टू–व्हीलर और करीब 4200 फोर–व्हीलर बिकने का अनुमान है। इन आंकड़ों के मुताबिक, शहर में ऑटोमोबाइल सेक्टर से ही करीब 900 करोड़ रुपए का बिजनेस होने की संभावना है। पिछले साल यह आंकड़ा 450 करोड़ रुपए के आसपास था, यानी इस बार की बिक्री लगभग दोगुनी मानी जा रही है।

**आज और कल पूजा के मुहूर्त**

ज्योतिषाचार्य डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि धनतेरस का पर्व विशेष रूप से व्यापारियों और गृहिणियों के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस दिन सोने, चांदी, कांसा, पीतल और तांबे से बनी वस्तुएं और बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है।

**धनतेरस पूजा का समय इस बार**

धनतेरस 18 अक्तूबर को है। त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 18 अक्टूबर को दोपहर 12.20 बजे से 19 अक्टूबर दोपहर 1.52 बजे तक है। धनतेरस पर कुबेर–लक्ष्मी का पूजन सायंकाल में किया जाता है। आज के दिन रात के समय आटे से बने दीयों में दीपदान भी करना शुभ माना जाता है।

---

## राष्ट्रीय सेवा योजना पखवाड़े के उपलक्ष्य में लगाया शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस व पखवाड़े के अवसर पर अपने चिन्हित ग्राम चिकलोद में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य का निशुल्क परीक्षण करते हुए उन्हें दवाइयां का वितरण करते हुए उचित परामर्श भी डॉक्टर्स द्वारा दिया गया। वही शासकीय हाई स्कूल चिकलोद के विद्यार्थियों के भी मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए साइकोलॉजिस्ट डॉ शालिनी श्रोतीय ने उनकी काउंसलिंग भी की। इस अवसर पर डॉक्टर रेखा गुप्ता ने विद्यार्थियों को अपने समाज में स्वस्थ वातावरण निर्मित करने में युवाओं की भूमिका पर संबोधित किया। शिविर का आरंभ स्वयंसेवक दानिश अशरफ व मधु चौहान के नेतृत्व में गांव में जागरुकता रैली निकालकर की गई। रैली के दौरान ही घर–घर जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। तत्पश्चात स्टेट कैंपर ज्योति कुमारी के समन्वयन में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच समाजसेवा पर रंगोली, पोस्टर मेकिंग इत्यादि जैसी

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | आश्विन कृष्ण पक्ष,13- 2082 | सीहोर,दिन शनिवार,दिनांक 18 अक्टूबर 2025


## न्यूज गैलरी

### 09 वीं और कक्षा 11 वीं की कक्षाओं में रिक्त सीटों

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली छात्रों के अध्ययन हेतु संचालित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा जो कि कक्षा 09 वी और कक्षा 11 वी की कक्षाओं मे रिक्त सीटो के लिये आयोजित की जानी है के लिये छात्रो के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2025 कर दी गयी है। छात्र अपना रजिस्ट्रेशन कक्षा 11 वी के लिये पोर्टल हजजचेरूध्धदंअवकंलंसंलंण्हवअण्पदध्दअ्ैध्ब्संेे11ध्तमहपेजतंजपवदध्ेजंतजध्2025ण्ंेचग 115 तथा कक्षा 09 वी के लिये पोर्टल हजजचेरूध्धदंअवकंलंसंलंण्हवअण्पदध्दअ्ैध्ब्संेे9ध्तमहपेजतंजपवदध्ेजंतजध्2025ण्ंेचग 96 पर कर सकते है साथ ही छात्र दिनांक 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2025 तक किये गये रजिस्ट्रेशन में उक्त बेबसाइड पर जाकर अपना लिंग, क्षेत्र, वर्ग, विकलांगता और परीक्षा के माध्यम आदि मे, यदि आवश्यक हो तो, सुधार कर सकते है।

### स्पर्श पोर्टल पर कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिन्होंने अभिभावित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उनको वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है।

### जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक द्वारा जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, कार्यालय नंबर 07562555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### साक्षात्कार एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर सीहोर में होगा

**सीहोर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम-2022 अंतर्गत जिला मुख्यालय सीहोर हेतु संविदा के आधार पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल चयन हेतु योग्य पाये गये अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु पूर्व निर्धारित तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अब असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार दिनांक 27 एवं 28 अक्टूबर 2025 (सोमवार एवं मंगलवार) को सायं 05:00 बजे से, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार दिनांक 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को सायं 05:00 बजे से तथा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार दिनांक 30 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को सायं 05:00 बजे से एडीआर सेंटर भवन जिला न्यायालय परिसर सीहोर (म०प्र०) में रखे गये है। अधिक जानकारी के लिए

छोटी दीपावली

### स्कूलों में बच्चों ने मनाई रंग-बिरंगी दिवाली

# छात्रों ने फुलझड़ी और चक्री चलाई, फूलों, रंगों और दीयों से सुंदर आकृतियां बनाई

डीआर संवाददाता» सीहोर



शुक्रवार को शहर के स्कूलों में दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने पटाखे चलाए। दीपक सजाओ और रंगोली बनाओ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। न्यू वर्ल्ड स्कूल में भी दिवाली महोत्सव हुआ। यहां रंगोली – और मिट्टी के दीपों की सजावट की प्रतियोगिता रखी गई। स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया। छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ मिलकर रंगोली बनाई। रंगोली में फूलों, रंगों और दीयों से सुंदर आकृतियां बनाई गई। इन आकृतियों में भारतीय संस्कृति की झलक दिखी। दिवाली एकता, प्रेम और सांस्कृतिक विरासत संजोने का अवसर ऐक नर्सरी से दसवीं तक के सभी छात्रों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर पटाखे जलाए। अनार, फुलझड़ी और चक्री जैसे पारंपरिक पटाखों ने वातावरण को रोशनी और उत्साह से भर दिया। स्कूल के डायरेक्टर बसंत दासवानी ने बच्चों को दिवाली के महत्व और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा दिवाली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का अवसर है।

दीपों से सजा स्कूल, बच्चों ने मनाया दीपोत्सव

सैकण्डा सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को दीवाली अवकाश से पहले दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगों और रोशनी से पारंपरिक दीपावली को जीवंत कर दिया। स्कूल में कक्षा साज-सज्जा, दिया मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिताएं हुई। कक्षा साज-सज्जा प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विभाग से कक्षा 9वीं बी, माध्यमिक विभाग से कक्षा 8वीं और प्राथमिक विभाग से कक्षा 5वीं ए ने पहला स्थान पाया। दिया मेकिंग में कक्षा 7वीं की राधी और कक्षा 5वीं ए की यशस्वी प्रथम रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं डी की आकांक्षा आर्य और तन्या यादव ने पहला स्थान हासिल किया। बच्चों ने आतिशबाजी और नृत्य प्रस्तुतियों से माहौल को स्कूल उल्लासपूर्ण बना दिया। दीपों, रंगोली और बच्चों की मुस्कान से जगमगा उठा।

सांदीपनि विद्यालय सैकंडा के छात्र-छात्राएं दीप उत्सव मनाते हुए।

सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का दिया संदेश प्राचार्य शैलेंद्र जोया ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि दीपावली के पांचों दिन धनतेरस, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भैया दूज का विशेष महत्व है, जो हमें सदाचार, समर्पण और पारिवारिक एकता की प्रेरणा देता है। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दी और सभी से सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया।

### दीपावली पर रंगारंग कार्यक्रम, श्रीराम की झांकी रही आकर्षण

**रेहटी।** भारती विद्या मंदिर में दीपावली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। छात्र-छात्राओं ने रंगोली, दीप सज्जा, कक्षा सज्जा, नाटक, चित्रकला और ग्रीटिंग कार्ड निर्माण में भाग लिया। सभी ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। पर्यावरण संरक्षण पर बनी रंगोलियों को निर्णायकों ने सराहा। श्रीराम के अयोध्या लौटने की झांकी और नगरवासियों के स्वागत की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने विभिन्न पात्रों को जीवंत रूप में निभाया। प्राचार्य ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही ईको-फ्रेंडली दीपावली मनाने का संदेश दिया। उन्होंने आतिशबाजी से पर्यावरण को होने वाले

## करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी की मौत, परिजन ने किया हंगामा



डीआर संवाददाता» बुदनी

जिले के बुदनी स्थित भाना विद्युत सब स्टेशन पर एक आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पांडाडो निवासी योगेश उइके (30 वर्ष) के रूप में हुई है। यह हादसा काम के दौरान हुआ प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिजली की आपूर्ति अचानक चालू होने से यह दुर्घटना हुई। इस मामले में बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है। घटना के बाद परिजन अस्पताल में जमा हो गए और उन्होंने हंगामा भी किया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि भाना सब स्टेशन पर आउटसोर्स कर्मचारी सिविल अस्पतालघटना के बाद परिजन अस्पताल में जमा हुए।योगेश उइके काम कर रहा था, तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गई।बुदनी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप**

पांडाडो निवासी योगेश युके (उम्र 30 वर्ष), पिता भरण सिंह, जो बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत था, सबस्टेशन पर काम के दौरान करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ, जब योगेश ऊपर चढ़कर काम कर रहा था। करंट लगने से उनके सीने और हाथ में जलन के निशान पड़ गए। परिजनों का आरोप है कि काम के दौरान सुरक्षा के उचित इंतजाम नहीं किए गए और प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। परिजनों ने एफआईआर दर्ज करने और धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

### यात्री बस चालक द्वारा तेज और लापरवाही से बस चलाने के कारण

**डीआर संवाददाता» सीहोर।**

सीहोर में भोपाल-इंदौर रोड पर एक यात्री बस चालक द्वारा तेज और लापरवाही से बस चलाने के कारण यात्रियों ने 112 पर शिकायत की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को सैकड़ा खेड़ी के पास रोका और चालक को समझाइश दी।

यह घटना गुरुवार से भोपाल जा रही एक यात्री बस में हुई। बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी थी, इसके बावजूद चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से बस चला रहा था, जिससे यात्री भयभीत हो गए। यात्रियों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने सैकड़ा खेड़ी के आगे बस को रोक लिया। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। सभी यात्रियों ने एक स्वर में चालक और कंडक्टर की शिकायत की। पुलिस ने यात्रियों की बात सुनने के बाद चालक और कंडक्टर को तेज रफ्तार व लापरवाही से बस न चलाने की हिदायत दी।



## किसानों की धनतेरस आज,

डीआर संवाददाता» सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 अक्टूबर को बिलकिसगंज में आयोजित कार्यक्रम में सीहोर जिले के 2 लाख 5 हजार 877 किसानोंके खातों में 118 करोड़ 41 लाख रुपए की राहत राशि अंतरित करेंगे। यह राशि पीला मोजेक, कीट व्याधि और अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन फसल के नुकसान की भरपाई के लिए दी जाएगी। आज धनतेरस भी है। माने उनके साथ ही किसानों की मांग आज पूरी होगी।

राहत राशि वितरण के साथ और मुख्यमंत्री 68 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। इनमें 51 करोड़ 24 लाख 26 हजार रुपए की लागत से बने 9 कार्यों का लोकार्पण और 16 करोड़ 14 लाख 40 हजार रुपए की लागत के 14 कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

## लगातार दूसरे दिन वर्षा, मौसम विभाग अगले 2 दिन भी पानी गिरने की चेतावनी

डीआर संवाददाता» सीहोर

सीहोर में मानसून की विदाई के बावजूद शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बारिश दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिसके कारण दोपहर 3 बजे तक सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाई। दोपहर करीब 3 बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई, जो काफी देर तक जारी रही।

इस साल मानसून सीजन समाप्त होने के बाद भी जिले में



रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। गुरुवार शाम को भी सीहोर जिले में रिमझिम बारिश हुई थी और शुक्रवार को दोपहर में फिर से वर्षा दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा दिन है जब मानसून की वापसी के बाद भी बारिश हुई है।

जिले में इस मानसून सीजन में कुल 1000 मिलीमीटर (एमएम) बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1181 एमएम बारिश हुई थी। बीते 24 घंटों में इछावर क्षेत्र में 11 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, वहीं सीहोर नगर में गुरुवार शाम के बाद शुक्रवार दोपहर को भी वर्षा हुई।

शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि वर्तमान में हवाएं पूर्वी दिशा से चल रही हैं। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने अगले दो दिनों तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है, हालांकि तेज बारिश की उम्मीद नहीं है।

## सीहोर में बस हादसा, 10 यात्री घायल
## डिवाइडर से टकराकर दूसरी बस से भिड़ी यात्री बस

डीआर संवाददाता» सीहोर

सीहोर में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में यात्रियों से भरी बस डिवाइडर से टकराकर दूसरी बस से भिड़ गई। इस हादसे में 10 यात्री हल्के घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर भेजा गया।



दुर्घटना इंदौर-भोपाल हाईवे पर झागरिया जोड़ और सेकाखेड़ी जोड़ के बीच हुई। बालाजी सवारी बस (क्र. 15 ...5738) के चालक राहुल अहिरवार ने बस को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए डिवाइडर से टकरा दिया। इसके बाद बस पीछे से खड़ी चार्टर्ड बस (क्र. 13 ...6327) से जा भिड़ी। सीहोर से निकली या बसपरिचालक अंशुल कुमी ने बताया कि वह रात 12 बजे सीहोर बस स्टैंड से बालाजी बस में बैठकर राहतगढ़, सागर जा रहे थे। दुर्घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई। हादसे में अंशुल समेत पवन पाटीदार, सलमान, दीपक, साहिद, पवन साहू, राजा, सुनील पाल, देवांश और पंकम लोधी घायल हुए। चालक राहुल अहिरवार को भी चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसा महिला के दोनों पैरों के ऊपर से गुजरे ट्रक के पीछे के पहिए

डीआर संवाददाता» सीहोर

ग्राम सोनला निवासी 50 वर्षीय सरस्वती बाई की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। वह अपने भतीजे अमन मेहरा के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिविल अस्पताल भैरूंदा जा रही थी। अस्पताल में उनके जेठ बृजलाल मेहरा की तबीयत बिगड़ने के बाद भर्ती हो गई थी। उन्हें देखने के लिए वह निकली थी।

शुक्रवार को हादसा बजरंगकुटी गेट के पास हुआ। महिला और उसका भतीजा अस्पताल से सुभाष कॉलोनी सीहोर नाका की ओर जा रहे थे। तभी ट्रक (क्रमांक एम.पी. 04 एच 1989) के पिछले पहिए की चपेट में आ गए। ट्रक के पिछले पहिए महिला के दोनों पैरों से होकर गुजर गए।



महिला और बाइक चालक दोनों नीचे गिर पड़े। घायल महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**चालक फरार, पुलिस ने ट्रक किया जब्त**

बाइक से गिरने के बाद महिला के दोनों पैरों पर से ट्रक के दोनों टायर चढ़ गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसके बाद घायल को शासकीय अस्पताल भैरूंदा ले जाया गया। वहां से हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां महिला की मौत हो गई।

ज्ञापन सौंपा

### संयुक्त किसान मोर्चा ने तहसीलदार को किसानों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## अतिवृष्टि, खाद संकट, समर्थन मूल्य और भूमि अधिग्रहण पर रखीं 10 सूत्रीय मांगें

डीआर संवाददाता» श्यामपुर

मध्यप्रदेश के किसानों ने राज्य में लगातार बढ़ती कृषि समस्याओं और सरकारी लापरवाही को लेकर मुख्यमंत्री को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में शुक्रवार को श्यामपुर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया।

किसानों ने आरोप लगाया कि अतिवृष्टि, खाद की कमी, बिजली संकट और समर्थन



मूल्य पर खरीदी में अनियमितताओं के चलते प्रदेश के किसान गहरे आर्थिक संकट में है।आत्महत्याओं में बढ़ोतरी से चिंतित किसान संगठन

संयुक्त किसान मोर्चा मध्यप्रदेश ने ज्ञापन में कहा कि सरकार की नीतियों के चलते किसानों की आत्महत्याओं के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से सोयाबीन उत्पादक किसान भारी घाटे में हैं। किसान संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

किसानों की 10 प्रमुख मांगें

भावांतर योजना रद्द की जाए कृ यह योजना किसानों के बजाय बड़ी कंपनियों के हित में है। सरकार सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी सुनिश्चित करे।

धान का मूल्य ₹4300 प्रति क्विंटल तय किया जाए कृ चुनावी वादे के अनुरूप मूल्य में वृद्धि की जाए।अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को पूरा मुआवजा दिया जाए कृ सैटेलाइट सर्वे की जगह पटवारी हल्के को आधार मानकर नुकसान का आकलन किया जाए।खाद संकट समाप्त किया जाए कृ समय पर पर्याप्त भंडारण कर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए।नकली खाद-बीज के कारोबार पर सख्त कार्रवाई हो कृ दोषी अधिकारियों और व्यापारियों को जेल भेजा जाए।किसानों को दिन के समय कम से कम 12 घंटे बिजली दी जाए कृ स्मार्ट मीटर योजना रद्द की जाए और गलत बिल निरस्त हों।

## 36 घंटे बाद दर्ज हुई एफआईआर

डीआर संवाददाता» सीहोर

इंदौर से भोपाल जा रहे कंटेनर से मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञात बदमाश 17 एलईडी टीवी चुरा ले गए। वारदात सोनकच्छ भोपाल और मुबारकपुर के बीच हुई। बदमाश चलते कंटेनर पर चढ़े और ताला तोड़कर टीवी निकाल लिए। चालक नितिन साहू बुधवार सुबह से मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने बैठा रहा। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। गुरुवार को भी दिनभर इंतजार के बाद पुलिस ने कहा कि घटना स्थल उनके थाना क्षेत्र में नहीं आता। चालक को अमलाहा चौकी भेजा गया। अमलाहा पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि घटना स्थल मंडी थाना क्षेत्र में ही आता है। इसके बाद चालक और ट्रांसपोर्टर फिर मंडी थाने पहुंचे। वहां भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। परेशान होकर शुक्रवार सुबह चालक और ट्रांसपोर्टर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के पास पहुंचे। उन्होंने मंडी थाना प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन कृष्ण पक्ष,13- 2082 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 18 अक्टूबर 2025


## न्यूज गैलरी

### दीपावली से पहले डीए एरियर मिलने पर अध्यापक खुश

जावर। विकासखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी अध्यापकों को दीपावली से पहले डीए एरियर मिल गया। इससे शिक्षकों में खुशी है। अध्यापक संघ के गोपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि बीईओ प्रमोद कुशवाह ने सभी शिक्षकों के खाते में समय पर एरियर डलवाया। इस पर आष्टा विकासखंड के सभी अध्यापक संगठनों ने बीईओ का आभार जताया।

### कृषि उपज मंडी में 19712 क्विंटल की रही आवक

आष्टा। इसलिए कुछ दिनों से नगर की मंडी में नए सीजन की आवक में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। वहीं दीपावली अवकाश के पहले प्रतिदिन बंपर आवक दर्ज हो रही है। शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में कुल आवक 19712 क्विंटल की रही। इस दौरान गेहूं सुजाता 2950 से 3600, गेहूं लोकवन 2830 से 3107, गेहूं पूर्णा 2490 से 2999, गेहूं मालवराज 2490 से 2640, गेहूं मिल 2850 से 2670, चना कांटा 2400 से 6702, चना गौराणी 6506 से 6701, चना रावेंद 6101 से 6440, चना काल्टू 5430 से 5700, सोयाबीन पीला 1730 से 4860, मसूर 4601 से 6125, राई 6701 से 6605, मक्का 1000 से 9001, मूंग 4000, रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। वहीं फल सब्जी मंडी में प्याज 201 से 940, लहसुन 1000 से 6660 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ।

### दीनदयाल रसोई योजना

सीहोर। दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह नवंबर के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं और चावल का आवंटन जारी कर दिया है जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग सीहोर और आष्टा के लिए गेहूं 12-12 एवं चावल 3-3 क्विंटल जारी किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि रसोई योजना के तहत गेहूं एवं चावल एक रुपए प्रति किलोग्राम की दर से दिया गया है। प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूं एवं 40 ग्राम चावल की मात्रा अनुसार जारी किया गया है।

### नपा ने सुभाष मैदान में किया 53 आतिशबाजी दुकानों का आवंटन

आष्टा। दीपावली को देखते हुए नगर पालिका ने सुभाष मैदान में इस साल भी आतिशबाजी की दुकानों का आवंटन किया है। कुल 53 दुकानें सजकर तैयार हैं। शुक्रवार को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने पहुंचकर दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि हर दुकान में बालू रेत और अग्निशमन यंत्र जरूर रखें। ताकि कोई हादसा न हो और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने भी दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को फायर यंत्र, पानी और प्रकाश व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानदारों से कहा कि परिसर में किसी भी वाहन को प्रवेश न करने दें। जिन व्यापारियों ने अधिकतम बोली लगाकर दुकानें ली हैं, उन्हें दुकान के पास धूम्रपान न करने की सख्त हिदायत दी गई है। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल कल्लू मुकाती, गगन खत्री, राज खत्री, दीपक खत्री, जीतमल मेवाड़ा और व्यापारी भी मौजूद रहे।

---

खेल प्रतियोगिता

### गायत्री विद्या मंदिर स्कूल चरनाल में छात्राओं की खेल प्रतियोगिता संपन्न

# विजेताओं को मिला सम्मान, खेल भावना की सराहना

डीआर संवाददाता» चरनाल

गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को छात्राओं के बीच गायत्री गार्डन में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में शिक्षा के साथ शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

"खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा"

विद्यालय के निर्देशक रामोद प्रसाद गौर ने कहा कि खेल शिक्षा का एक आवश्यक हिस्सा है। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसी गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि मन को भी सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं।

इस दौरान व्यवस्थापक आजाद गौर, प्रधानाचार्य अजय तिवारी,



उप-प्रधानाचार्य प्रकाश विश्वकर्मा और डॉ. भुवन गौर ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का जरूरी हिस्सा हैं, जो विद्यार्थियों में टीम भावना और सहयोग की भावना पैदा करते हैं।

#### उत्साह और प्रतिस्पर्धा से भरा माहौल

खेल मैदान में छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, 4×100 मीटर रिले रेस, स्पून-लेमन रेस, रिकपिंग और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मैदान में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा। प्रतिभागी छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर यह साबित किया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

#### विजेताओं को मिला सम्मान

समापन समारोह में विजेता छात्राओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक और प्रधानाचार्य ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि

जीवन में जीत और हार दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। असफलता से सीख लेना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान होती है।

#### टीम भावना और सहयोग की मिसाल

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने टीमवर्क और निष्पक्ष खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी उपस्थिति दर्ज कर छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रदर्शन की सराहना की।

#### आगामी आयोजन और संकल्प

विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि आने वाले महीनों में इंटर-स्कूल स्पोर्ट्स मीट, योगा वर्कशॉप और स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि छात्राएं शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकें।

#### शिक्षा और खेल का संतुलन

गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी समान रूप से जोर देता है। विद्यालय का मानना है कि सम्पूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब छात्र-छात्राएं मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से संतुलित विकास करें।

राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। अंत में छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे खेलों को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाएंगी और हर क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।



---

# विधायक बोले- स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, अपनाने योग्य संस्कार है



डीआर संवाददाता» भैरूंदा

आयोजित कार्यक्रम में इंज. ने लोगों को संबोधित।

भाजपा के निर्देश पर आष्टा विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन विधायक कार्यालय पर संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला महामंत्री भारतसिंह पटेल और अभियान के जिला सह संयोजक राजेंद्र केशव भी विशेष रूप से मौजूद थे।

यहां विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का सपना और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य स्वदेशी अपनाने से ही पूरा होगा। उन्होंने नागरिकों से दीपावली पर्व पर और दैनिक जीवन में भी स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने का आह्वान किया। इंजीनियर ने जोर दिया कि स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, बल्कि अपनाने योग्य संस्कार है।

स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेते जनप्रतिनिधि।

**स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेते जनप्रतिनिधि।**

भारत रक्षा के क्षेत्र में भी तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाना आवश्यक है। विधायक ने कहा कि जब हम भारत में बना सामान खरीदेंगे, तभी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने लोगों से सामान खरीदते समय यह विचार करने को कहा कि क्या उसे बनाने में किसी भारतीय का श्रम लगा है। रेहड़ी-पटरी वाले, लघु और कुटीर उद्योगों में बने स्वदेशी सामानों को खरीदने से भारत जल्द ही आत्मनिर्भर बनेगा। इस सम्मेलन में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

# स्वस्थ आहार से जुड़ा जागरूकता कार्यक्रम

डीआर संवाददाता» दीवड़िया

ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें महिला डॉक्टर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। पर्यवेक्षक प्रीती कछारे ने संतुलित भोजन और पोषक तत्वों के महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री



माताओं को किस तरह के भोजन की जरूरत होती है। साथ ही बताया कि पोषण की कमी से होने वाली बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में रामकला कुम्हकार और रीना सहित कई महिलाएं सक्रिय रहीं। सभी ने पोषण से जुड़ी जानकारी ली।

---

# सम्यक ज्ञान प्राप्त कर सम्यक चारित्र धारण करना चाहिए, मुनिश्री अक्षय सागर

डीआर संवाददाता» सीहोर।

मुनिश्री अक्षय सागर महाराज के साथ ऐलक उपशम सागर महाराज ससंघ चातुर्मास प्रवास पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित संत भवन में विराजमान हैं। यहां हर दिन मुनिश्री अक्षय सागर के सानिध्य में भगवान आदिनाथ कि मूर्ति के अभिषेक ऐलक उपशम सागर जी महाराज के मुखारबिंद अखंड शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान



श्रावक-श्राविकाएं कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

धर्म सभा में मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने प्रवचन में महाबंध ग्रंथ वाचना करते हुए सम्यक चारित्र का स्वरूप और भेद व लक्षण समझाते हुए कहा सम्यक ज्ञान प्राप्त कर सम्यक चारित्र धारण करना चाहिए। सम्यक चरित्र के दो भेद हैं। एक देश चारित्र और सर्वदेश चारित्र। उनमें से सकल चारित्र का पालन दिगंबर जैन मुनिराज करते है और देश चारित्र का पालन श्रावक करते हैं। त्रस जीवों की संकल्पी हिंसा का सर्वथा त्याग कर निष्प्रयोजन स्थावर जीवों का भी घात न करना अहिंसाणुव्रत अग्नि में जला और मरते समय विलाप करता रो-रोकर दुखों को सहन किया। देव चार प्रकार के होते हैं मुनिश्री ने कहा कि जब कभी इस प्राणी ने अकाम निर्जरा की तब मरने पर उस निर्जरा के प्रभाव से भवन त्रिक देवों में से किसी एक का शरीर धारण किया। वहां भी अन्य देवों के वैभव को देखकर पांचों इन्द्रियों के विषयों की चाह रूपी अग्नि में जलता रहा और अवधिज्ञान के द्वारा अपना मरण निकट जान हाय अब ये भोग मुझे भोगने को नहीं मिलेंगे। ऐसा विचार कर रो-रो कर बहुत दुख सहन किया।

---

# कुबेरेश्वरधाम पर दीपावली को लेकर उमड़ा आस्था का सैलाब

डीआर संवाददाता» सीहोर।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दीपावली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा और 21 हजार से अधिक दीपक से मंदिर परिसर को रोशन किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर परिसर में गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं के द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर में यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रंग-बिरंगी रोशनी लगाई जा रही है। मंदिर परिसर में दीप पर्व को लेकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।



शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनको समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने भोजन प्रसादी का वितरण किया। कार्तिक माह में मंदिर परिसर में तांता लगा रहता है। रमा एकादशी पर यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मिट्टी की कला और उससे बनाए जाने वाले दीयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल गुरुदेव के निर्देश पर हजारों की संख्या में दीप पर्व पर श्रद्धालु आते हैं और दीप प्रज्वलित करते हैं। इस साल भी पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजन और भाई-दूज का आयोजन मंदिर में विशेष पूजा-पाठ से किया जाएगा। इसके अलावा भी यहां पर आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी भोजनशाला मंदिर परिसर में चलाई जा रही है। जिसमें यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से भोजन का वितरण किया जाता है।

**आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव होगा**

अन्नकूट महोत्सव सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। भगवान श्रीकृष्ण को 56 या 108 तरह के पकवानों का भोग लगाना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि अन्नकूट भी गोवर्धन पूजा का समारोह है। 56 प्रकार के मिष्ठान पकवान का भोग अर्पित किया जाता है, इससे ही विभिन्न आकृतियां उकेरकर झांकी सजाई जाती है इसलिए इसे अन्नकूट महोत्सव कहते हैं, अन्नकूट प्रसादी का बड़ा महत्व होता है क्योंकि इसमें कई प्रकार की सब्जियां अन्य प्रकार के भोग बनाए जाते है।

---

# दीपों से सजा स्कूल, बच्चों ने मनाया दीपोत्सव

डीआर संवाददाता» सीहोर।

शुक्रवार को शहर के स्कूलों में दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने पटाखे चलाए। दीपक सजाओ और रंगोली बनाओ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। ब्लू बर्ड स्कूल में भी दिवाली महोत्सव हुआ। यहां रंगोली और मिट्टी के दीपों की सजावट की प्रतियोगिता रखी गई। स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया। छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ मिलकर रंगोली बनाई। रंगोली में फूलों, रंगों और दीयों से सुंदर आकृतियां बनाई गईं। इन आकृतियों में भारतीय संस्कृति की झलक दिखी।

दिवाली एकता, प्रेम और सांस्कृतिक विरासत संजोने का अवसर हैः नर्मदा से दवाई



तक के सभी छात्रों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर पटाखे जलाए। अनार, फुलझड़ी और चकरी जैसे पारंपरिक पटाखों ने वातावरण को रोशनी और उत्साह से भर दिया। स्कूल के डायरेक्टर बसंत दासवानी ने बच्चों को दिवाली के महत्व और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा दिवाली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का अवसर है।

भैरूंदा। सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को दीवाली अवकाश से पहले दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगों और रोशनी से पारंपरिक दीपावली को जीवंत कर दिया। स्कूल में कक्षा साज-सज्जा, दिया मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिताएं हुईं। कक्षा साज-सज्जा प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विभाग से कक्षा 11वीं डी, माध्यमिक विभाग से कक्षा 8वीं और प्राथमिक विभाग से कक्षा 5वीं ए ने पहला स्थान पाया। दिया मेकिंग में कक्षा 7वीं की राखी और कक्षा 8वीं ए की वसावी प्रथम रहीं। रंगोली

---

जायजा लिया

### आज इछावर विधान सभा के बिलकिसगंज में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आयोजित

# अधिकारियों के साथ राजस्व मंत्री एवं कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

डीआर संवाददाता» भैरूंदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 अक्टूबर को अपरान्ह में सीहोर जिले के बिलकिसगंज में आयोजित कार्यक्रम में पीला मोजेक, कीट व्याधि एवं अतिवृष्टि से हुई सोयाबीन फसल क्षति से प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के 205977 किसानों के खाते में 118 करोड़ 41 लाख रूपये की राहत राशि अंतरित करेंगे। इसके साथ ही



मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले के 69 करोड़ 38 लाख रुपये लागत के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण भी करेंगे।

**राजस्व मंत्री एवं कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा**

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा इस आयोजन के लिये चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

**लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर जिले के 69 करोड़ 38 लाख हजार रूपये लागत के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 51 करोड़ 24 लाख 26 हजार रुपये की लागत के 09 निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे तथा 18 करोड़ 14 लाख 40 हजार रूपये के 14 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी

कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को विभागीय गतिविधियों और हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिये अनेक विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इनमें कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, एनआरएलएम, जनजातीय कार्य विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी

---

# जिला स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता



डीआर संवाददाता» सीहोर।

जिला स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता 2025-26 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी श्री अनिल पिपलोदिया, योग विभाग के हीन डॉ. मनोज शर्मा एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ ने संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन    आश्विन कृष्ण पक्ष – 13, 2082    राजगढ़, दिन शनिवार, दिनांक 18 अक्टूबर 2025


## न्यूज गैलरी

### हादसे में किसान की मौत

**अशोकनगर।** नईसराय थाना क्षेत्र के अखाई गांव के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार अमरचंद पुत्र मन्नू जाटव शिवपुरी जिले के बदरवास से सरसों का बीज खरीदकर घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। कुछ देर बाद गांव के चौकीदार को जानकारी मिली और उसने परिजनों को सूचित किया।

### बिना परमिट बस संचालन, यात्रियों को जबरन बैठा रहे

**अशोकनगर।** सड़कों पर दौड़ रही बसों के बिना परमिट चलाए जाने के आरोप लगाए गए हैं। जिसकी लिखित शिकायत परिवहन विभाग में की गई है। मां बीजासन बस संचालक सत्यप्रकाश यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि गाड़ी एमपी 08 पी0144, एमपी 67 पी0198 इन सभी गाड़ियों के पास परमिट नहीं है। इसके बावजूद बसों का संचालन किया जा रहा है। साथ बस स्टैंड पर कम किराए की आवाज लगाकर जबरन सवारियों को समय से पहले ही बसों में बैठा लिया जाता है। साथ ही हमारे स्टाफ के साथ भी अपशब्द बोले जाते हैं। साथ ही हमारे स्टाफ के साथ मारपीट व अपशब्द बोले जाते हैं।

### किसी प्रकार का कल्टेक्स एकत्रित नहीं किए जाने हेतु दिए निर्देश

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार आगामी समय में दिपावली एवं अन्य मुख्य त्यौहारों का आयोजन होना है। आगामी समस्त त्यौहारों पर स्थानीय बाजारों में बड़ी संख्या में कुम्हकार समाजजनों द्वारा तैयार किए जाने वाले मिट्टी के दीपक एवं अन्य सामग्रीयों के विक्रय हेतु दुकानें लगाई जाएगी। ऐसी मिट्टी के दियों एवं मिट्टी के अन्य सामग्री के उपयोग को बढ़ावा दिए जाने हेतु दुकानों से किसी प्रकार का कल्टेक्स एकत्रित नहीं किया जाए। उक्त दिए गए निर्देशों का समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी सख्ती से पालन करना सुनिश्चित करें।

### 8 दुकानों से 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए

**गुना।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 8 दुकानों से 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडेय ने बताया कि शर्मा होटल हनुमान चौराहा से 2, पीतांबरा कचौड़ी सेंटर से 4, कुशवाह बेकरी तेलघानी चौराहा से 1, महाकाल जलेबी बस स्टैंड से 1, जय महाकाल चाट भंडार बस स्टैंड से 1, राज स्वीट्स बस स्टैंड से 1, राजू होटल हाट रोड से 1 एवं बाबूलाल कुशवाह के यहां से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये गये हैं। उक्त सिलेंडरों को जप्ती उपरांत गैस एजेंसी को सुपुर्दगी में दिये गये हैं।

### मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 24 तक

**गुना।** पंचायत व निकाय स्तर की मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 24 अक्टूबर तक दर्ज कराई जा सकेंगी। शुक्रवार को राजनीतिक दलों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि सचिव राज्य निर्वाचन प्राप्त जानकारी अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत एवं

## जिले सहित ब्यावरा विधानसभा को देंगे 226 करोड़ के विकास की सौगात

# धनतेरस पर मुख्यमंत्री देंगे विकास कार्यों की सौगातें

डीआर संवाददाता ›› ब्यावरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज ब्यावरा प्रवास के दौरान ब्यावरा विधानसभा को विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री लगभग 226 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे, जिसमें ब्यावरा विधानसभा के 154 करोड़ रुपए के विकास कार्य भी सम्मिलित हैं और इसके साथ ही जिले भर के किसान भाइयों को 277 करोड़ रुपए का फसल मुआवजा भी प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि धनतेरस के पावन पर्व पर यह सौगातें मिलना त्यौहार के रंग को और निखार देगा। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में

प्रदेश में विकास और जनकल्याण के अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। ब्यावरा प्रवास के मुख्यमंत्री द्वारा ब्यावरा विधानसभा सहित पूरे राजगढ़



जिले के लगभग 226 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा।

### मंत्री पंवार बोले – शहर व जिले के लिए ऐतिहासिक अवसर

मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह प्रवास ब्यावरा और समूचे जिले के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। पेयजल व्यवस्था, नवीन रेस्ट हाउस, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अधोसंरचना से जुड़े अनेक कार्यों का शुभारंभ होने जा रहा है, जिससे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

### 154 करोड़ के प्रमुख कार्य जिनका होगा लोकार्पण एवं भूमिपूजन

नवीन उपखंड कार्यालय ब्यावरा कार्यालय भवन निर्माण, 22 सीआईपी चूड़ा रेस्ट हाउस निर्माण, ब्यावरा सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) ब्यावरा भवन निर्माण, नगर ब्यावरा हेतु अमृत 2.0 अंतर्गत मोहनपुरा जलप्रदाय योजना, सुठालिया पार्वती सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेमलापार, काकरिया गुर्जर, दूड़ा में में प्रेशराइज्ड पाइप नहर प्रणाली निर्माण, अरनियाल रोड अजनार नदी पर पुल निर्माण, ब्यावरा नगर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, ब्यावरा का निर्माण, उपस्वास्थ्य केंद्र बाईहेड़ा और मंडावर, विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा अंतर्गत 08 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण, विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा अंतर्गत 11 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इस सौगात से ब्यावरा विधानसभा के साथ-साथ पूरे राजगढ़ जिले में विकास को एक नई गति मिलेगी। किसानों को मिलने वाले 277 करोड़ के मुआवजे से जिले के कृषक वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रवास प्रदेश सरकार की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और ग्रामीण विकास के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक है।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इनमें जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, विधायक अमर सिंह यादव, हजारीलाल दांगी, मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सावकाई और नगर पालिका अध्यक्ष सीताबाई शामिल रहेंगे। यह कार्यक्रम जिले के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। किसानों को राहत राशि मिलने से उन्हें आर्थिक सहायता मिलेगी, जबकि जल प्रदाय योजना और विकास कार्यों से नगर की बुनियादी सुविधाएं और बेहतर होंगी।

### अमृत 2.0 के तहत मोहनपुरा जलप्रदाय योजना का शुभारंभ करेंगे

नगर ब्यावरा के लिए अमृत 2.0 के तहत मोहनपुरा जलप्रदाय योजना का शुभारंभ होगा। सुठालिया पार्वती सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेमलापार, काकरियागुर्जर और दूड़ा में प्रेशराइज्ड पाइप नहर प्रणाली का निर्माण भी किया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए बाईहेड़ा और मंडावर में उपस्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे।

उनके स्वागत के लिए टेंट की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से एबी रोड ब्यावरा का सौंदर्यीकरण और विकास कार्य होगा।

## पश्चिम बंगाल से ठेकेदार गिरफ्तार, 3500 किमी सफर कर 10 लाख का माल बरामद



डीआर संवाददाता ›› राजगढ़

राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से एक ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर कंपनी का करीब 10 लाख रुपये का माल गबन करने का आरोप है। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए 3500 किलोमीटर का लंबा सफर तय किया।

### मुंबई की कंपनी मैनेजर ने की थी शिकायत

थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मामला 16 सितंबर 2025 को दर्ज हुआ था। मुंबई की विक्रांत इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी के मैनेजर बृजेश सिंह ने नरसिंहगढ़ थाने में शिकायत की थी कि कंपनी नरसिंहगढ़ से शुजालपुर तक विद्युत ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का काम कर रही थी। इस प्रोजेक्ट का करीब 20 किलोमीटर हिस्सा ठेकेदार शरीफ अंसार (निवासी पु महिष बथानी, मालदा, पश्चिम बंगाल) को दिया गया था।

आरोप है कि ठेकेदार कंपनी से उपकरण और सामग्री लेकर काम अधूरा छोड़कर भाग गया। कई बार संपर्क करने पर भी उसने कोई जवाब नहीं दिया, जिससे कंपनी ने सामग्री के गबन की आशंका जताई।

### बंगाल जाकर किया गिरफ्तार

शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 522/25 दर्ज कर धारा 316(2) बीएनएस के तहत जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने पश्चिम बंगाल जाकर स्थानीय प्रशासन की मदद से आरोपी को 14 अक्टूबर 2025 को उसके गांव महिष बथानी, नाथू टोला से गिरफ्तार किया। टीम ने कंपनी का गबन किया हुआ माल भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, उप निरीक्षक राजेश सिसोदिया की भूमिका रही।

## दो सांडों की लड़ाई में स्कूटी नाले में गिरी

डीआर संवाददाता ›› राजगढ़



राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री पब्लिक स्कूल के सामने एक अजीब-गरीब हादसा देखने को मिला। यहां दो सांडों की आपसी लड़ाई के दौरान सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी अचानक नाले में जा गिरी। पूरा घटनाक्रम पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसे देखकर लोग दंग रह गए। जानकारी के अनुसार, स्कूटी पंकज सोनी नामक व्यक्ति की थी, जो पास ही में गोल्ड लोन ऑफिस चलाते हैं। घटना के समय वे अंदर काम कर रहे थे। अचानक बाहर से तेज आवाज आई, तो देखा कि उनकी स्कूटी नाले में गिरी हुई है। यह देखकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और ज फ र । त फ र ' रूपगई सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि दो सांडों के बीच जोरदार भिड़ंत हो रही थी। इधर-उधर भागते दोनों नाले के किनारे तक पहुंच गए, जिससे वहां खड़ी स्कूटी से टकराए और स्कूटी असंतुलित होकर सीधे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां नाले के किनारे कोई रेलिंग नहीं लगी है। उस मैं बने कच्चे मार्ग पर सांडों की लड़ाई अक्सर होती रहती है, जिससे लोगों को हमेशा डर बना रहता है। नागरिकों ने नगर परिषद से नाले के किनारे सुरक्षा रेलिंग लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों। घटना के बाद नाले में एक व्यक्ति उतरा और स्कूटी को रस्सी से बांधा। इसके बाद करीब चार से पांच लोगों ने मिलकर स्कूटी को खिंचकर बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

## राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र में महिला के साथ बलात्कार

डीआर संवाददाता ›› राजगढ़



राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र में 31 वर्षीय महिला से बलात्कार का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस को बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को आरोपी प्रभुलाल तंवर ने अपने घर में उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद महिला ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर धारा 64, 127(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। दरअसल,राजगढ़ कोतवाली थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी प्रभुलाल तंवर ने उसके साथ अपने ही घर में जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना के बाद आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसकी जान ले ली जाएगी। महिला ने डर के चलते कुछ समय तक चुप्पी साधे रखी, लेकिन बाद में साहस जुटाकर थाने पहुंची और पूरी बात बताई। पुलिस ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

## मेहनतकश भाइयों-बहनों के परिश्रम से बनी वस्तुओं को अपनाएं

डीआर संवाददाता ›› सारंगपुर

दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सारंगपुर नगर के स्वदेशी दीपावली बाजार में पहुंचकर दुकानों का भ्रमण किया और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की।

उन्होंने नागरिकों से हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संदेश साझा करते हुए कहा कि इस दीपावली पर देशी उत्पादों को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। मंत्री टेटवाल ने कहा कि हमारे देश के कारीगरों, हस्तशिल्पियों, छोटे व्यापारियों और मेहनतकश भाइयों-बहनों के परिश्रम से बनी

हिस्सा बन सकें। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि दीपावली पर घर की सजावट, पूजन सामग्री, दीपक, मिठाई, सजावटी सामान, सब कुछ स्वदेशी उत्पादों से ही खरीदें। मंत्री ने कहा कि जब हम देशी और मेहनत से बनी वस्तुएं खरीदते हैं, तब हम केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि किसी परिवार की आजीविका, किसी मां की मुस्कान और भारत की अर्थव्यवस्था को सहारा बनाने का माध्यम खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि इस दीपावली का दीप तभी सच्चा होगा, जब हर घर में खुशियां हों, हर दिल में संतोष और हर हाथ में काम हो। अंत में उन्होंने सभी से अपील की।

## विधायक प्रतिनिधि सहित 10 गिरफ्तार3 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी, 8 मोबाइल सहित 3.89 लाख का सामान जब्त

डीआर संवाददाता ›› अशोकनगर



अशोकनगर के कचनार थाना पुलिस ने ग्राम भादौन में जुआ खेलते हुए विधायक प्रतिनिधि सूरजभान यादव और 9 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। सूरजभान पर अपने घर में जुआ संचालित करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने दीपावली से पहले अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस को सूचना मिली कि सूरजभान यादव के मकान में ताश के पत्तों से रुपए की हार-जीत हो रही है। इस पर विशेष टीम बनाकर दबिश दी गई। कार्रवाई में सूरजभान यादव (30), विक्रम यादव (40), संजीव तिवारी (36), इरफान बेग (20), महेन्द्र बंजारा (35), कुलदीप शर्मा (25), राहुल कुर्मी (32), सतीश उर्फ लहीका (22), आनंद शर्मा (31) और पुरुषोत्तम शर्मा (47) को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 49,300 रुपये नकद, 8 मोबाइल फोन (करीब 95,000 रुपये के), 3 मोटरसाइकिल और 1 स्कूटी (करीब 2,45,000 रुपये के) जब्त किए। कुल माल की कीमत 3,89,300 रुपये बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 112(1) बीएनएस और 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**दबिश दी** चाचौड़ा थानांतर्गत जुआ की दो फड़ों पर पुलिस ने दी दबिश

## 10 जुआरियों पर की कार्रवाई, फड़ों से 5,150 रुपए नकदी सहित तास की गड्डियां जब्त की

डीआर संवाददाता ›› गुना



पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में जिले के चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहर के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जुए के दो अलग-अलग फड़ों पर दबिश देकर कुल 10 जुआरियों पर कार्रवाई की है।

बीती रात जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज मंडी के पास कुछ लोगों के तास पत्तों से रुपयों की हारजीत के दाव लगाकर मांग पत्ती का खेल खेले जाने की सूचना पर जुआरियों की धरपकड़ और कार्यवाही हेतु बीनागंज चौकी से पुलिस की एक टीम तत्काल बीनागंज मंडी के पास पहुंची और जहां मुखबिर की बताई जगह पर जाकर देखा तो वहां 5-6 लोग फड़ जमाकर तास-पत्तों से रूपयों की हारजीत का मांग पत्ती का खेल खेलते दिखे, जिन्हें पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर जिनके द्वारा अपने नाम विनोद पुत्र गोन सिंह अहिरवार उम्र 30 साल, मिथुन उर्फ रामस्वरूप पुत्र भुजबल अहिरवार उम्र 40 साल, रूप सिंह पुत्र तुलाराम अहिरवार उम्र 35 साल, चंदन पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र 40 साल, गोपाल पुत्र धीरज अहिरवार उम्र 38 साल निवासीगण नया खातौली थाना चांचौड़ा एवं 6. अकरम पुत्र ग्रेडूलाल सूर्यवंशी उम्र 41 साल निवासी ग्राम बडोदिया थाना चांचौड़ा जिला गुना के होना बताये। पुलिस द्वारा मौके से 2,800/- रूपये नकदी सहित तास की एक एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेल रहे सभी 26 जुआरियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 380/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पटोदी गांव में आम के बगीचे में कुछ लोगों के जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा तत्काल दबिश दी और मौके पर जुआ खेल रहे 4 जुआरियों गोविन्द सिंह पुत्र मोतीलाल मीना उम्र 34 साल, धर्मेन्द्र पुत्र रामचरण अहिरवार उम्र 30 साल, दौलत सिंह पुत्र मांगीलाल मीना उम्र 32 साल एवं पीरजा पुत्र पूरनचंद अहिरवार निवासीगण ग्राम पटोदी को दबोच लिया गया।

पुलिस द्वारा मौके से कुल 2,350/- रूपये नकदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेलते पकड़े गये सभी 4 जुआरियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 382/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई। जुए के विरुद्ध चांचौड़ा थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहर के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, सउनि रामकृष्ण रघुवंशी, प्रधान आरक्षक निरंजन शर्मा, आरक्षक मोनू कवरे, आरक्षक अशोक कारिया, आरक्षक सुमन मिश्रा, आरक्षक अजय समाधिया एवं आरक्षक संजय

## अशोकनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

डीआर संवाददाता ›› अशोकनगर



अशोकनगर नईसराय थाना क्षेत्र के अखाई गांव के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अमरचंद जाटव (38) निवासी अमरचंद पुत्र मन्नू जाटव के रूप में हुई है। अमरचंद गुरुवार को शिवपुरी जिले के बदरवास से सरसों का बीज खरीदकर घर लौट रहा था।

### जिला अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

शाम के समय रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। कुछ देर बाद गांव के चौकीदार को जानकारी मिली और उसने परिजनों को सूचित किया। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और अमरचंद को नईसराय अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।